भारत सरकार

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

हिंदी प्रश्न पत्र–1 (सहा.का.अभि.)

वर्ष 2017

*****

समयः 3.00 घंटे | पूर्णांकः 100

प्रश्न : 1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें:–

(क) जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव।
(ख) जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू।
(ग) केन्द्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने हेतु उपाय।

(अंक – 20)

**प्रश्न : 2. महानिदेशक, के.लो.नि.वि. को आप अपने कार्यालय में विभिन्न रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने संबंधी अनुरोध करते हुए एक पत्र लिखें।**

(अंक – 20)

प्रश्न : 3. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखें:–

(i) बीती बातों को भुला देनी चाहिए।
(ii) सबने मान लिया कि पृथ्वी घूमती थी।
(iii) आपको यह पुस्तक अवश्य खरीदना चाहिए।
(iv) दीन–दुर्बलों को प्यार करना मानवता है।
(v) कल सभा के बीच इस पर विचार होगा।
(vi) मैं खाना नहीं खाया हूं।
(vii) शिक्षा के द्वारा वह आगे बढ़ा।
(viii) उसके तो सारे इरादों पर पानी बह गया।
(ix) तुम्हारे घर की सीढ़िंया चढ़ते–चढ़ते मेरा दम घुट गया।
(x) किसी को क्षमा करने में ही बड़ाईपन है।

(अंक – 10)

प्रश्न : 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) अतिवृष्टि | (ii) उन्नति | (iii) सम्मुख | (iv) विकर्षण |
| (v) विरह | (vi) दुर्गम | (vii) विपन्न | (viii) तृप्त |
| (ix) योग | (x) कृतज्ञ | | |

(अंक – 10)



OC-65

प्रश्न : 5. निम्नलिखित शब्दों के एक–एक पर्यायवाची शब्द लिखें:–

(i) महक (ii) नाव (iii) मुल्क (iv) पंक (v) बादल

(अंक – 10)

प्रश्न : 6. निम्नलिखित अंकों को शब्दों में लिखें:–

(i) 99 (ii) 79 (iii) 11 (iv) 76 (v) 49

(अंक – 10)

प्रश्न : 7. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्दों से भरें:–

(i) हमें .................. को भी मित्र बनाना चाहिए।
(ii) सूर्य अस्त होते ही चारो ओर .................... छा गया।
(iii) सदैव सार्थक शब्दों का प्रयोग करना चाहिए ................. शब्दों का नहीं।
(iv) मैं अपनी सारी इच्छा और .................. पूरी करना चाहता हूं।
(v) प्रत्येक मुल्कों में ................ और प्रदान चलता है।

(अंक – 10)

प्रश्न : 8. निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखें:–

(i) Technical Specifications.
(ii) Transparency.
(iii) Budgetary allocation.
(iv) Excavation.
(v) Facade.
(vi) Overhead expenses.
(vii) Misappropriation of funds.
(viii) Technology.
(ix) Integrity.
(x) Architecture.

(अंक – 10)

******